# 2024/25 आवासीय ग्रीन बिन, रिसाइक्लिंग और कचरा संग्रह कैलेंडर के बारे में जानकारी

**सामग्री**


ग्रीन बिन, रिसाइक्लिंग और कचरा संग्रह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी .......... 2
**संग्रह की समयावधि में परिवर्तन और प्रति पखवाड़ा कचरा संग्रह** .......... 2
**ग्रीन बिन क्या होता है?** .......... 2
**किचन कंटेनर और ग्रीन बिन** .......... 3
**ग्रीन बिन का उपयोग कैसे करें** .......... 3
**सही लाइनर का उपयोग करना** .......... 4
**ग्रीन बिन संग्रह के लिए क्या करें और क्या न करें** .......... 6
**बड़े आकार का फर्नीचर और भारी साजो-सामान** .......... 7
**कचरा संग्रह के लिए क्या करें और क्या न करें** .......... 7
**3-कंटेनरों की सीमा** .......... 8
**अतिरिक्त कचरा:** .......... 8
लंदन का कर्बसाइड रिसाइक्लिंग कार्यक्रम .......... 9
**बगीचे के अपशिष्ट संग्रह के बारे में जानकारी** .......... 11
**ग्रीन बिन, कचरा और रिसाइक्लिंग संग्रह के बारे में जानकारी** .......... 12
**ग्रीन बिन, कचरा संग्रह और रिसाइक्लिंग मोबाइल ऐप्स तथा याद दिलाने वाले संदेश** .......... 12
**हमारे सोशल मीडिया पर जाएँ** .......... 12

# ग्रीन बिन, रिसाइक्लिंग और कचरा संग्रह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

## संग्रह की समयावधि में परिवर्तन और प्रति पखवाड़ा कचरा संग्रह

लंदन के नए ग्रीन बिन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में जनवरी 15, 2024 के सप्ताह से संग्रह दिनों की बारंबारता बदल रही है।

**क्या बदल गया है?**

- ग्रीन बिन और रिसाइक्लिंग का संग्रह एक सप्ताह में किया जाता है।
- ग्रीन बिन, रिसाइक्लिंग और कचरे का संग्रह दूसरे सप्ताह में किया जाता है। **कचरे को हरेक दो सप्ताहों में एकत्र किया जाता है।**

जिस सप्ताह में ग्रीन बिन और रिसाइक्लिंग का संग्रह किया जाता है, तथा जिस सप्ताह में ग्रीन बिन, रिसाइक्लिंग और कचरे का संग्रह किया जाता है, उन दिनों में:

- कृपया इन्हें कर्ब पर सुबह 7 बजे तक रखें, लेकिन पिछली रात को 6 बजे से पहले नहीं।
- कृपया संग्रह के दिन के अंत तक खाली कंटेनरों को या ऐसे सभी कचरे को कर्ब से हटा दें, जिसका संग्रह नहीं किया गया है।

**संग्रह दिन कितनी बार होता है?**

- आपके ग्रीन बिन और रिसाइक्लिंग का संग्रह हरेक सप्ताह किया जाता है।
- आपके कचरे का संग्रह हरेक दूसरे सप्ताह में किया जाता है।
- बगीचे के कचरे का संग्रह वसंत और गर्मियों के दौरान हरेक पांच सप्ताहों में और पतझड़ के दौरान हरेक दो से तीन सप्ताहों में किया जाएगा।

वैधानिक अवकाश होने पर अपनी अगली संग्रह तिथि के लिए कृपया अपना अपशिष्ट संग्रह कार्यक्रम देखें।

संग्रह के दिन से कभी न चूकने के लिए संग्रह के दिन की याद दिलाने वाले संदेश प्राप्त करें। अपने ज़ोन और समय-व्यवस्था को देखने के लिए सिटी ऑफ़ लंदन के ज़ोन फ़ाइंडर टूल का उपयोग करें या संग्रह के दिन के बारे में नोटिफिकेशन्स पाने के लिए Recycle Coach ऐप का उपयोग करें, london.ca/CollectionCalendar।

## ग्रीन बिन क्या होता है?

ग्रीन बिन नीले (रिसाइक्लिंग) बिन की तरह ही होता है, लेकिन आपके घर के भोजन और जैविक कचरे के लिए।

ग्रीन बिनों का संग्रह आपकी अन्य रिसाइक्लिंग और कचरे के साथ कर्ब से किया जाता है। आपके ग्रीन बिन में डाली गई सामग्री को एक सुविधा में लाया जाता है, जहाँ उन्हें खेतों की भूमि के लिए पोषक तत्वों से भरपूर जैविक उत्पाद में बदला जाता है।

बचे-खुचे भोजन, खराब हुए भोजन, और भोजन से सने कागज जैसे जैविक पदार्थों का भार हमारे आवासीय कचरे

का लगभग आधा हिस्सा हो सकता है। अपने ग्रीन बिन का सही ढंग से उपयोग करने और अपने कचरे को छांटने से हमारे समुदाय को इन बातों में सहायता मिलती है:

- मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों में गिरावट, जो लैंडफिल में जैविक पदार्थों का विघटन होने से बनती है
- कचरे का नए संसाधन में परिवर्तन, जो स्थानीय खेतों और मिट्टी को पोषक बनाता है
- जैविक पदार्थों को हमारी लैंडफिल से बाहर रखकर उसके जीवन का विस्तारण
- स्थानीय रोजगार का निर्माण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को समर्थन

ग्रीन बिन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो लंदन की जलवायु आपात कार्य योजना (Climate Emergency Action Plan) और सिटी ऑफ़ लंदन की कार्यनीतिक योजना (City of London's Strategic Plan) का समर्थन करता है।

और अधिक जानकारी के लिए [London.ca/GreenBin](London.ca/GreenBin) पर जाएँ।

## किचन कंटेनर और ग्रीन बिन

लंदन के ग्रीन बिन कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए निवासियों को दो नए कंटेनर वितरित किए गए हैं।

**किचन कंटेनर:** इस छोटे कंटेनर को आपके किचन के जैविक कचरे को ग्रीन बिन में जाने से पहले एकत्र करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह आपको अपने बचे-खुचे भोजन को एकत्र करने, इसे कचरे में जाने से रोकने और घर के अंदर गंध पैदा करने से रोकने का एक त्वरित और सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है।

इसे आपके किचन काउंटर पर या उसके नीचे रखा जा सकता है। जब कंटेनर पूरा भर जाए, या जब आवश्यक हो, तो सामग्री को अपने ग्रीन बिन में डाल दें।

जो घर-परिवार पहले से ही खाद बना रहे हैं, वे किचन कंटेनर के विचार से परिचित हो सकते हैं, और कुछ घर-परिवार अपने पिछवाड़े में खाद के लिए बचा-खुचा भोजन एकत्र करने के लिए पहले से ही कंटेनर या टिन का उपयोग कर रहे हैं।

अपने किचन कंटेनर को कर्ब पर न रखें। इसके बजाय, कर्बसाइड संग्रह के लिए अपने ग्रीन बिन का उपयोग करें।

**ग्रीन बिन:** बड़े आकार का कंटेनर, जिसमें आपके जैविक कचरे को एकत्र किया जाता है और इसे सप्ताह में एक बार संग्रह के लिए कर्ब पर रखा जाता है। इसे बाहर या आपके गैराज में रखा जा सकता है, जहाँ आप अपने ब्लू बॉक्स और/या कचरे के कंटेनर रखते/ती हैं। ग्रीन बिन को सर्दियों के मौसम का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें एक कुंडी लगाई गई है, ताकि जानवर अंदर न जा सकें।

ग्रीन बिन लंदन में नए हैं। यह कार्यक्रम 15 जनवरी, 2024 के सप्ताह से शुरू होगा। कृपया कार्यक्रम के शुरू होने से पहले अपने ग्रीन बिन को संग्रह के लिए कर्ब पर न रखें।

## ग्रीन बिन का उपयोग कैसे करें

### 1. किचन में

अपने किचन के अपशिष्ट भोजन और टेबल पर बचे-खुचे भोजन को ग्रीन बिन में डालने से पहले अपने किचन कंटेनर का उपयोग करें। यदि आप अपने कंटेनर को और भी अधिक साफ रखना चाहते/ती हैं, तो इसके अंदर कंपोस्टेबल बैग या कागज के पन्नों का उपयोग करके लाइनर लगाएँ।

2. **<u>अपने ग्रीन बिन को तैयार करना</u>**

   कुछ दिनों बाद जब आपका किचन कंटेनर पूरा भर जाए, तो हरेक बार इसकी सामग्री को ग्रीन बिन में डाल दें। ग्रीन बिन को सुरक्षित रूप से बंद रखने के लिए कुंडी का उपयोग करना याद रखें।

3. **<u>इसे कर्ब पर रखना</u>**

   अपने ग्रीन बिन को सही दिनों में कर्ब पर रखने के लिए अपने संग्रह कार्यक्रम का पालन करें। अपने ग्रीन बिन से सामग्री उठा लिए जाने के बाद अपने बिन को कर्ब से वापिस ले जाएँ।

संग्रह और संग्रह कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृपया अपने ग्रीन बिन को कर्ब के 1 मीटर के अंतर समतल ज़मीन पर रखें। स्नोबैंक के ऊपर या पीछे न रखें।

सुझाव: जब आपके कंटेनर गंदे हो जाते हैं, तो उन्हें धोएँ। इससे गंध पैदा न होने में सहायता मिल सकती है। किचन कंटेनर को सिंक में धोया जा सकता है या डिशवॉशर में रखा जा सकता है। अपने ग्रीन बिन को पानी की बौछार से साफ करने के लिए एक होज़ का उपयोग करें।

## <u>सही लाइनर का उपयोग करना</u>

ग्रीन बिन में कंपोस्टेबल लाइनर लगाना सही है। आपको अपने ग्रीन बिन या किचन कंटेनर में कंपोस्टेबल लाइनर का उपयोग करना ज़रूरी नहीं है, लेकिन इससे तरल-पदार्थों और गंध को रोकने में सहायता मिल सकती है। आपके कंटेनरों के लाइनर के रूप में न्यूज़प्रिंट जैसे कागज का उपयोग भी किया जा सकता है।

कंपोस्टेबल लाइनर खरीदते समय ऐसा लाइनर चुनें, जिसके बॉक्स और बैग पर "BPI COMPOSTABLE" या "COMPOSTABLE www.compostable.info" लिखा हो।

**ग्रीन बिन में प्लास्टिक नहीं** - ग्रीन बिन या किचन कंटेनर के लाइनर के रूप में प्लास्टिक बैग का उपयोग करना सही नहीं हैं। कृपया सभी प्लास्टिक को ग्रीन बिन से बाहर रखें।

### <u>ग्रीन बिन में क्या डाला जाता है</u>

भोजन तैयार करते समय इसके बचे-खुचे हिस्से, प्लेट पर छोड़ा गया भोजन, भोजन से सने कागज के उत्पाद और फ्रिज की सफाई करते समय पुराना बचा-खुचा भोजन – यह सभी इसमें डाला जा सकता है। कृपया ग्रीन बिन में भोजन डालने से पहले इसे पैकेजिंग से निकाल दें। प्लास्टिक या मोमिया-युक्त कंटेनर, बैग या पन्नियाँ नहीं।

ग्रीन बिन में स्वीकार्य चीजों के उदाहरण नीचे:

1. भोजन अपशिष्ट:

- बेक किए गए भोजन और कैंडी
- ब्रेड, सीरियल, पास्ता, नूडल्स, चावल, फलियाँ और अनाज
- कॉफी के फिल्टर, चूरा, और कागज के टीबैग
- डेयरी उत्पाद, जिसमें दूध, दही, मक्खन और पनीर शामिल हैं
- शुष्क बेकिंग सामग्री, जड़ी-बूटियाँ और मसाले
- अंडे और अंडे के छिलके
- वसा, खाना पकाने के तेल, और खाद्य चर्बी (तरल या ठोस), जिसमें सिटी ऑफ़ लंदन फॉग कप भी शामिल हैं
- फल और सब्जियाँ (पकी हुई या कच्ची), जिसमें इनके छिलके, बचे-खुचे हिस्से और बीज शामिल हैं
- गोश्त, पोल्ट्री, सीफूड, गिब्लेट्स और हड्डियाँ
- मेवे और बीज
- सलाद ड्रेसिंग, मायोनेज़, ग्रेवी और सॉस

2. भोजन से सने कागज के उत्पाद:
    - कार्डबोर्ड के अंडों के कार्टन
    - पेपर नैपकिन, पेपर टॉवल और टिश्यू (संदूषण पदार्थों से मुक्त, जैसे घरेलू क्लीनर)
    - पेपर प्लेट, कप और मफिन की पन्नियाँ (मोमिया-रहित और प्लास्टिक-रहित)
    - पिज्जा के बॉक्स और सना हुआ कार्डबोर्ड
    - भोजन की पैकेजिंग के सने हुए कागज, जिनमें प्लास्टिक की पर्त न लगी हो (जैसे आटे के बैग)

ग्रीन बिन में कंपोस्टेबल प्लास्टिक पैकेजिंग न डालें (जैसे कॉफी पॉड और टेक-आउट कंटेनर)। कंपोस्टेबल प्लास्टिक लाइनर की अनुमति है।

3. ग्रीन बिन में डाली जा सकने वाली अन्य चीजें:
    - घरेलू पौधे (मिट्टी सहित), और काटे गए फूल
    - न्यूज़प्रिंट और कागज के बैग (भोजन के चारों ओर लगाए जाने वाले और अपने ग्रीन बिन या किचन कंटेनर के लाइनर के रूप में)
    - पालतू जानवरों का भोजन
    - कद्दू
    - खरोलने के लिए लकड़ी की छड़ियाँ, चॉप स्टिक्स, पॉप्सिकल स्टिक्स और टूथपिक्स
    - फायरप्लेस की ठंडी हुई राख, ड्रायर लिंट, और फर्श साफ करने के पोंछे (कृपया इन्हें ग्रीन बिन में खुला न डालें)। इसके बजाय, इन्हें अन्य कंपोस्टेबल सामग्री में लपेटें अथवा कागज या कंपोस्टेबल बैग के अंदर रखें।

**ग्रीन बिन में अस्वीकार्य चीजों के उदाहरण:**

- च्युइंग गम
- सिगरेट
- कपड़े और वस्त्र
- डायपर, शौच असंयम उत्पाद, और वाइप्स
- इलास्टिक बैंड

- फ़ूड स्टिकर
- कांच
- लकड़ी का सामान, जिसपर पेंट लगा हो या जिसका उपचार किया गया हो
- पालतू जानवरों का मल और किटी लिट्टर
- प्लास्टिक के बर्तन
- प्लास्टिक के बैग और प्लास्टिक पैकेजिंग
- स्टायरोफोम
- बगीचे का अपशिष्ट

ग्रीन बिन के लिए अधिकतम अनुमत भार 20 किग्रा (44 पाउंड) है। खुदरा विक्रेताओं से अतिरिक्त ग्रीन बिन खरीदे जा सकते हैं।

## ग्रीन बिन संग्रह के लिए क्या करें और क्या न करें

### ग्रीन बिन संग्रह के लिए क्या करें:

- भोजन की योजना बनाकर और फ्रिज में बचे हुए भोजन को खराब होने से पहले इस्तेमाल करके ग्रीन बिन में डाले जाने वाले अपने अपशिष्ट भोजन की मात्रा कम करें।
- अपने किचन कंटेनर को अपने किचन में ही रखें, ताकि भोजन के बचे-खुचे हिस्सों को जल्दी और आसानी से कंटेनर में डाला जा सके।
- जब आपका किचन कंटेनर पूरा भर जाए, तो उसे अपने ग्रीन बिन में खाली कर दें।
- अपने ग्रीन बिन और किचन कंटेनर को साफ रखने के लिए उन्हें धोएँ।
- घर पर खाद बनाना जारी रखें। यदि आप पहले से ही खाद बनाते आ रहे/ही हैं, तो ग्रीन बिन का अर्थ यह नहीं है कि आपको यह रोकना होगा। ग्रीन बिन में कुछ चीजें (जैसे गोश्त और डेयरी) स्वीकार की जाती हैं, जिन्हें आप अपने पिछवाड़े के कंपोस्टर में नहीं डालेंगे/गी।
- यदि संदेह हो, तो जाँच करें। किन चीजों को कंपोस्ट या रिसाइकल किया जा सकता है या उनका सुरक्षित रूप से निपटान किया जा सकता है, इसके बारे में पता लगाने के लिए london.ca/WhatGoesWhere पर जाएँ।

### ग्रीन बिन संग्रह के लिए क्या न करें:

- ग्रीन बिन में भोजन की पैकेजिंग, प्लास्टिक की पन्नियाँ या प्लास्टिक बैग न डालें।
- अपने बचे-खुचे भोजन को कचरे में न डालें, क्योंकि इसे आपके ग्रीन बिन में जाना चाहिए। इससे उनका त्वरित संग्रह और गंध पैदा न होने में सहायता मिलना सुनिश्चित हो पाएगा।
- जब बिन में सामग्री मौजूद हो, तो ग्रीन बिन की कुंडी बंद किए बिना न रखें। जानवरों से बचने के लिए इसे बंद रखें।
- ग्रीन बिन को स्नोबैंक पर न रखें। अपने ग्रीन बिन, ब्लू बॉक्स और कचरे के कंटेनरों को कर्ब पर रखते समय इन्हें समतल ज़मीन पर रखें।
- यदि ग्रीन बिन का भार 20 किग्रा (44 पाउंड) की सीमा से अधिक हो, तो इसे कर्ब पर न रखें।
- इन चीजों को ग्रीन बिन में खुला न डालें: फायरप्लेस की ठंडी हुई राख, ड्रायर लिंट और फर्श साफ करने के पोंछे। इन सामग्रियों को ऑर्गेनिक्स के अंदर रखें या ग्रीन बिन में डालने से पहले अन्य कंपोस्टेबल सामग्री में लपेटें।

## बड़े आकार का फर्नीचर और भारी साजो-सामान

बड़े आकार के फर्नीचर और भारी अपशिष्ट, जैसे गद्दे और सोफे को सिटी कर्ब से कैसे एकत्र करती है, इसके बारे में नए नियम लागू हैं।

अक्टूबर 1, 2023 से निवासियों को बड़े आकार के भारी अपशिष्ट के बारे में सिटी को service.london.ca पर पहले से ही बताने की आवश्यकता होगी।

जब आपको फर्नीचर जैसे बड़े साजो-सामान को कर्ब पर रखना हो, तो कृपया हमें अपनी अगली निर्धारित कचरा संग्रह तिथि से कम से कम पांच दिन पहले बताएँ। बड़े आकार के अपशिष्ट संग्रह में हरेक संग्रह के लिए चार आइटमों की सीमा होगी।

बड़े आकार के अपशिष्ट के बारे में और अधिक जानकारी london.ca/WhatGoesWhere पर प्राप्त करें।

बड़े आकार के साजो-सामान के निपटान के लिए इसे 3502 Manning Drive पर स्थित W12A लैंडफिल में भी ले जाया जा सकता है। शुल्क लागू हो सकते हैं।

### कचरे में बड़े आकार के साजो-सामान के संग्रह के लिए नए नियम बनाए गए हैं।

अक्टूबर 1, 2023 से परिवारों को संग्रह के दिन बड़े आकार के साजो-सामान के लिए पिक-अप बुक करना होगा।

बुकिंग के लिए निवेदनों को कम से कम 5 कार्यदिवस पहले ऑनलाइन service.london.ca पर या फोन के माध्यम से 519-661-2489 पर पूरा किए जाने की आवश्यकता होगी। आपके अगले नियत कचरे के दिन संग्रह किया जाएगा।

**मध्यम आकार के साजो-सामान - बुकिंग की आवश्यकता नहीं है**

- अधिकतम 1 मीटर चौड़ाई और 1.5 मीटर ऊंचाई
- सुरक्षापूर्वक कर्ब पर रखने के लिए सामान्य रूप से 1 व्यक्ति की आवश्यकता होती है
- प्रति संग्रह 2 घन मीटर की सीमा (जैसे, किचन की 2 कुर्सियाँ या मध्यम आकार की 1 शेल्फ)

**बड़े आकार के साजो-सामान - 5 कार्यदिवस पहले बुकिंग की आवश्यकता है**

- 1 मीटर चौड़ाई और 1.5 मीटर ऊंचाई से अधिक
- सुरक्षापूर्वक कर्ब पर रखने के लिए सामान्य रूप से 2 व्यक्तियों की आवश्यकता होती है
- प्रति संग्रह 4 आइटमों की सीमा

## कचरा संग्रह के लिए क्या करें और क्या न करें

**कचरा संग्रह के लिए क्या करें:**

- कचरे के मानक बैग या धातु या प्लास्टिक के कैन (न्यूनतम 30 ली, अधिकतम 125 ली) का उपयोग करें। बैग या डिब्बे का अधिकतम भार 20 किग्रा (44 पाउंड) है।
  बैग का आकार 65 x 90 सेमी से अधिक होना चाहिए और जो आइटम कचरे के बैग या कैन में फिट हो सकते हैं, उन्हें बैग के अंदर रखा जाना चाहिए।

- फर्नीचर या गद्दे जैसे बड़े आकार के साजो-सामान के लिए अग्रिम में बुकिंग करने की आवश्यकता है; 4 आइटमों की सीमा। 1 मीटर चौड़ाई और 1.5 मीटर ऊंचाई के मध्यम आकार के साजो-सामान को बिना बुकिंग के संग्रह के लिए रखा जा सकता है; 2 घन मीटर की सीमा।
- सुबह 7 बजे तक कर्ब पर कचरा रख दें, लेकिन रात पिछली रात को 6 बजे से पहले नहीं। संग्रह के दिन के अंत तक खाली किए गए कैनों या संग्रह न किए जा सकने वाले सभी अपशिष्ट को कर्ब से हटा दें।
- कुत्ते के मल और बिल्ली के लिट्टर को दो बैगों में बंद किया जाना चाहिए, तरल पदार्थ से मुक्त होना चाहिए, और एक बड़े आकार के बैग के अंदर रखा जाना चाहिए।
- क्या आपके पास अतिरिक्त कचरा है? 3-कंटेनरों की सीमा से अधिक कचरा होने पर इसे EnviroDepot में लाएँ या कर्ब से संग्रह किए जाने के लिए गार्बेज टैग्स का उपयोग करें ($2/कंटेनर)।

**कचरा संग्रह के लिए क्या न करें:**

- छोटी वस्तुओं को खुला न लगाएँ या छोटे आकार (किराने या किचन) के बैगों का उपयोग न करें।
- इन सामग्रियों का **संग्रह नहीं किया जाएगा:**
  - उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स
  - दरार वाले या टूटे-फूटे टॉयलेट (पृष्ठ 33 देखें)
  - फ्लुओरसेंट बल्ब और ट्यूब
  - आवासीय संशोधन की सामग्रियाँ
  - कटी-फटी धातु (बाइक, धातु से बना फर्नीचर, आदि)
  - टायर
- इन चीजों को कचरे में खुला न रखें: बुरादा, सिगरेट की राख, वैक्यूम की धूल या कोविड-19 से जुड़ा सामान, जैसे टिश्यू, नैपकिन, तौलिए, दस्ताने और मास्क। इन चीजों को बैग में बांधकर एक बड़े आकार के बैग या कंटेनर के अंदर रखें।
- सामान्य कचरे में टूटा-फूटा कांच, या नुकीली चीजें न रखें। इन्हें सीलबंद कार्डबोर्ड के डिब्बे में रखें और संग्रहकर्ताओं के लिए 'Caution Sharp' का स्पष्ट लेबल लगाएँ।
- कचरे में सुइयाँ न डालें। इन्हें सख्त कंटेनर में रखें और सुरक्षित निपटान विकल्पों के लिए अपनी स्थानीय फार्मेसी से संपर्क करें या healthsteward.ca या london.ca/needles पर जाएँ।

## 3-कंटेनरों की सीमा

हरेक संग्रह के लिए अधिकतम 3 कंटेनरों की सीमा लागू है।

- 1 कंटेनर = 1 कैन या बैग
- कंटेनर का अधिकतम भार = 20 किग्रा (44 पाउंड)
- कंटेनर का अधिकतम आकार = 125 ली कैन या 80 सेमी x 125 सेमी बैग
- संग्रहकर्ता बैग या खुले कचरे को निकालने के लिए कैन के अंदर हाथ नहीं डालेंगे।
- कचरे को कैन की छोर से ऊपर नहीं आना चाहिए या इसे कैन के ऊपर नहीं रखा जाना चाहिए।
- 3-कंटेनरों की सीमा हरेक पंजीकृत आवासीय इकाई के लिए लागू होती है। यानि, डुप्लेक्स = 6 कंटेनर
- गार्बेज टैग्स के बिना सीमा से अधिक कंटेनरों का संग्रह नहीं किए जाएगा।

## अतिरिक्त कचरा:

- EnviroDepots में शुल्क देकर स्वीकार किया जाता है।

- 3-कंटेनरों की सीमा से अधिक कचरे के संग्रह के लिए गार्बेज टैग्स का उपयोग करें ($2/टैग)। EnviroDepots से टैग्स खरीदे जा सकते हैं या खरीदने की अन्य जगहों के लिए london.ca/garbage देखें।
- 3-कंटेनरों की सीमा लागू न होने पर हरेक साल चार बार संग्रह किया जाता है। मार्च, अप्रैल के अंत/मई की शुरुआत, सितंबर की शुरुआत और क्रिसमस के बाद की तिथियों के लिए अपना शेड्यूल देखें।

**EnviroDepot ड्रॉप ऑफ़ स्थल:**

- Oxford Street EnviroDepot: 1450 Oxford St West
- Clarke Road EnviroDepot: 28 Clarke Road
- Try Recycling Depot North: 21462 Clarke Road
- W12A Landfill and Household Special Waste Depot: 3502 Manning Drive

**EnviroDepots**

गर्मियों के घंटे:

- सोमवार से शुक्रवार: सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
- शनिवार: सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
- रविवार: सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

सर्दियों के घंटे:

- दिसंबर 2, 2024 से मार्च 10, 2025 तक: बुधवार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक और शनिवार रात 8 बजे से शाम 5 बजे तक

सर्दियों में अतिरिक्त तिथियाँ:

- दिसंबर 27, जनवरी 2 और जनवरी 12

स्वीकार की जाने वाली सामग्रियों की पूरी सूची और EnviroDepot के घंटों के लिए london.ca/envirodepots पर जाएँ।

## लंदन का कर्बसाइड रिसाइक्लिंग कार्यक्रम

**नीचे बताए गए के अनुसार सामग्रियों को विभक्त करने के लिए अलग-अलग ब्लू बॉक्स का उपयोग करें। संग्रह के लिए ब्लू बॉक्स की सामग्रियों को सही तरीके से अलग-अलग करना आवश्यक है। ब्लू बॉक्स के लिए कोई सीमा नहीं है।**

रिसाइक्लिंग के लिए स्वीकार की जाने वाली चीजों और सामग्रियों के उदाहरण नीचे:

1. कागज:
    - घरेलू कागज
    - अखबार और पन्ने
    - कागज के अंडों के कार्टन और बॉक्स (सतही करें और लाइनर हटा दें)
    - पत्रिकाएँ, कैटलॉग और किताबें (हार्ड कवर हटा दें)
    - कार्डबोर्ड के बॉक्स (इन्हें फाड़कर सतही करें और 75 सेमी से 75 सेमी से 20 सेमी के आकार के

बंडलों में बांध दें। अधिकतम आकार से बड़े और काफी अधिक मात्राओं को EnviroDepot में ड्रॉप ऑफ़ किया जाना चाहिए)

2. कंटेनर:
    - कांच की बोतलें और जार (कृपया भोजन निकालकर पानी से छाल दें)
    - कार्टन (उदाहरण: दूध, रस, सूप)
    - कार्डबोर्ड के कैन (उदाहरण: फ्रोज़न जूस के कैन)
    - आइसक्रीम के टब
    - प्लास्टिक के कंटेनर (उदाहरण: कप, बोतलें, जग, टब, बर्तन, ट्रे और सीपियाँ)
    - सख्त प्लास्टिक (उदाहरण: खिलौनों, बैटरियों की पैकेजिंग, जिसे खोलना कठिन होता है)
    - स्टील के कैन (कृपया पानी से छालकर ढक्कनों को इनके अंदर रख दें)
    - धातु के बने रंग-रोगन के खाली कैन (ढक्कनों को हटा दें)
    - खाली एयरोसोल कैन
    - एल्युमिनम फॉयल और कंटेनर

**रिसाइक्लिंग के लिए क्या करें:**

- सभी कंटेनरों को खाली करें या पानी से छाल दें
- अधिकतम भार 18 किग्रा (40 पाउंड) है
- इसे सही तरीके से अलग-अलग करें
- 2 या इससे अधिक ब्लू बॉक्स का उपयोग करें
- 45-95 लीटर के बीच आयतन वाले ब्लू बॉक्स का उपयोग करें

**रिसाइक्लिंग के लिए क्या न करें:**

- एक ही ब्लू बॉक्स में कागज और कंटेनर न मिलाएँ।
- ब्लू बॉक्स के बजाय कार्डबोर्ड बॉक्स, लॉन्ड्री बास्केट या मिल्क क्रेट का उपयोग न करें।
- अपने ब्लू बॉक्स में 18 किग्रा (40 पाउंड) से अधिक भार की सामग्रियाँ न रखें।

आपके ब्लू बॉक्स में स्वीकार नहीं की जाने वाली चीजों/सामग्रियों के उदाहरण:

1. कागज:
    - कटे-फटे कागज, जिन्हें बैग के अंदर नहीं रखा गया है
    - मोमिया या पन्नी लगे कागज और बॉक्स
    - भवन-निर्माण में उपयोग किए गए कागज
    - उपहारों को लपेटने में उपयोग किए गए कागज या पन्नियाँ
    - फोटो
    - लकड़ी

2. कांच
    - टूटा-फूटा कांच
    - पीने के गिलास
    - डिश

- चीनी मिट्टी
- लाइट बल्ब
- शीशे
- खिड़कियों के चौखटे

3. प्लास्टिक
    - लपेटने के कागज या पन्नियाँ, फिल्म, पैकेजिंग, बैग, पाउच
    - स्टायरोफोम (ट्रेडमार्क)
    - कटलरी
    - फोम पैकेजिंग
    - हैंगर
    - खिलौने
    - कॉफी पॉड

4. धातु
    - कोट हैंगर
    - बर्तन, आदि
    - प्रोपेन कनस्तर
    - उपकरण
    - बैटरी

5. अन्य
    - खतरनाक और विशिष्ट उत्पाद कंटेनर, सभी तरह के चिकित्सा अपशिष्ट, लकड़ी के फूड क्रेट।

## बगीचे के अपशिष्ट संग्रह के बारे में जानकारी

अपने संग्रह सप्ताह के पहले दिन (सोमवार) को सुबह 7 बजे तक बगीचे के अपशिष्ट को कर्ब पर रख दें, लेकिन पिछली रात को 6 बजे से पहले नहीं। संग्रह के सप्ताह में कर्मचारी एक सड़क से केवल एक ही बार एकत्र करते हैं।

**हम ये स्वीकार करते हैं:**

- पौधों की काट-छांट
- झाड़-झंखाड़
- पत्तियाँ
- कद्दू
- क्रिसमस ट्री

झाड़-झंखाड़ का व्यास 10 सेंटीमीटर और लंबाई 1 मीटर से कम होनी चाहिए। सुतली से बंडलों में बांध दें।

हरेक कंटेनर या बंडल का अधिकतम भार 20 किलोग्राम (44 पाउंड)। कंटेनर के आकार की आवश्यकताएँ: न्यूनतम 30 लीटर; अधिकतम 125 लीटर।

**हम ये स्वीकार नहीं करते हैं:**

- धूल/मिट्टी
- फूलों के गमले/ट्रे
- घास की कतरनें
- किचन का बचा-खुचा भोजन/छिलके
- बड़ी शाखाएँ
- लकड़ी का सामान, जिसपर पेंट लगा हो या जिसका उपचार किया गया हो
- पालतू जानवरों का मल
- रेलवे टाइज़
- पत्थर
- बिछाने वाली घास
- पेड़ के ठूंठ

## ग्रीन बिन, कचरा और रिसाइक्लिंग संग्रह के बारे में जानकारी

london.ca/wastemanagement

हमसे संपर्क करें:

- कॉल: 519-661-4570
- ईमेल: service@london.ca
- अथवा यहाँ ऑनलाइन जाएँ: service.london.ca

## ग्रीन बिन, कचरा संग्रह और रिसाइक्लिंग मोबाइल ऐप्स तथा याद दिलाने वाले संदेश

Recycle Coach App - अपने ऐप स्टोर से नि:शुल्क डाउनलोड करें

Recycle Coach App – ऑनलाइन संस्करण – london.ca/whatgoeswhere

## हमारे सोशल मीडिया पर जाएँ

Facebook/LondonCanada

Twitter/CityofLdnOnt

Instagram/CityofLondonOn